हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 सितंबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

04 35 न्यायिक खंडपीठों में 52.55 करोड़ से अधिक...



07 अभिलेखों में खामियां मिलने पर जताई नाराजगी...



भगवान महावीर स्वामी का जन्मवांचन समारोह हर्षोल्लास से मनाया

'त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की' नारों के साथ जैन समाज ने निकाला जुलूस

स्वप्नो को सिर धर पालनाजी झुलाए, केसर-कुमकुम के छापे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा









जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर एवं अहिंसा व करुणा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्मवांचन समारोह जैन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। माता त्रिशला देवी द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों के 14 प्रतीक चिन्हों, पालनाजी में भगवान को झुलाने तथा पालना जी को घर ले जाने के साथ विभिन्न आरतियों की बोलियां लगाई गई। लाभार्थी परिवार द्वारा स्वप्नों की पूजा कर उन्हे सिर पर धरकर सभी को दर्शन करवाये गये। इस दौरान समाजजनों को केसर-कुमकुम के छापे लगाये तथा भगवान के जन्म की बधाईयां दी गई। मंदिर जी में परमात्मा की आकर्षक व मनमोहक अंगी रचना की गई। जन्मोत्सव के बाद नगर में गाजे-बाजे के साथ भगवान के पालना जी की शोभायात्रा निकाली गई, प्रभावना का वितरण भी हुआ।

स्थानीय जैन समाज में इस वर्ष पर्यूषण पर्व आराधना धूमधाम से चल रही है। शनिवार को भगवान महावीर का जन्मवांचन समारोह कलीकुंड तीर्थोद्धारक परम पूज्य गुरुदेव श्री राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराज साहेब की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य साध्वी श्री राजगुणा श्री जी महाराज साहेब आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में समाजजनों द्वारा हर्ष उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। साध्वी राजगुणा श्रीजी म.सा. द्वारा कल्पसूत्र आगम शास्त्र का वांचन कर भगवान के जन्म का दृष्टांत समाजजनों को सुनाया गया। जिसे सुनकर समाज जन खुशी से नाचने झूमने लगे। भजन गायक रोहन जैन द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। दोप. 2 बजे से जैन आराधना भवन में भगवान महावीर का जन्मवांचन समारोह प्रारम्भ हुआ। जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नो हाथी, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी देवी, पुष्पमाला, चंद्र, सूर्य, इंद्रध्वजा, कुंभकलश, पद्मसरोवर, क्षीरसमुद्र, देवविमान, रत्नराशि, निधूर्मअग्नि के प्रतीक चिन्हों, भगवान के जन्म की आरती, पालना जी झुलाने व पालना जी घर ले जाने की बोलियां लगाई गई।

सर्वाधिक बोली भगवान के पालनाजी को घर पर ले जाने की रही। बोली का लाभ ऋषभ कुमार लाभमलजी तिलगोता परिवार द्वारा लिया गया। भगवान के जन्म की आरती का लाभ सुरेश कुमार पुनीत कुमार कांठेड़ परिवार द्वारा लेकर जिन मंदिरजी में आरती की गई। मंगल आरती तथा भगवान पार्श्वनाथजी की आरती की बोली का लाभ ऋषभ कुमार लाभमल तिलगोता परिवार द्वारा लिया गया। भगवान के पालना जी को घर पर ले जाने की बोली का लाभ तिलगोता परिवार द्वारा लिया जाकर गाजे - बाजे के साथ भगवान को अपने घर पर श्रीसंघ के साथ ले जाया गया। 14 स्वप्नो में सर्वाधिक लक्ष्मीदेवी की पूजन का लाभ हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया परिवार द्वारा लेकर सभी लाभार्थियों द्वारा स्वप्नो को सिर पर धरकर सभी को दर्शन करवाए।

भगवान के जन्मवांचन के बाद प्रथम केसर पूजा करने का लाभ ऋषभ कुमार लाभमल तिलगोता परिवार द्वारा लिया गया। भगवान को पालना जी में झूलाने का लाभ दिलीपकुमार महेशकुमार माणकचंद ठाकुरिया परिवार द्वारा लिया गया। पालनजी में परमात्मा की रजत प्रतिमा को विराजमान करने का लाभ राकेश कुमार गेदंमल कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया। जन्म वाचन के बाद भगवान की रजत प्रतिमा को लाभार्थी परिवारों द्वारा रत्नों का हार, पुष्प माल स्वर्ण माल मोतियों की माल लाभार्थी परिवारों द्वारा पहनाई गई। 14 स्वप्न को पुष्प माल पहनाने का लाभ राजेश कुमार सागरमल तिलगोता परिवार द्वारा लिया गया। भगवान के मुनीमजी बनने का शोभाग्य अनुपम हिम्मतमल मुणोत परिवार को मिला। सभी बोली लेने वालों का बहुमान करने का लाभ सागरमल बागमल तातेड परिवार को मिला। जिनके द्वारा सभी को कंकू तिलक कर मोती की माला व पगड़ी पहनाकर बहुमान किया गया। जन्मवांचन के बाद उपस्थित समाजजनों ने खोपरा गोले बारे गये। केसर कुमकुम के छापे लाभार्थी रमेशचंद, सुरेश कुमार, प्रकाशचंद कांठेड़ परिवार द्वारा लगाकर बधाईयां दी गई। जन्मोत्सव समारोह के बाद सभी लोग गाजे-बाजे के साथ जूलूस के रुप में मंदिर जी पहुंचे, जहां जन्म की आरती की गई। जन्मवांचन के बाद मंदिरजी में सुरेशचंद, प्रकाशचंद, विजयकुमार, अशोककुमार इंदरमल फाफरिया परिवार ने लड्डू की प्रभावना मंदिर जी में वितरित की गई। महावीर जन्मवांचन कार्यक्रम पर श्री चन्द्रप्रभु जैन श्वेताम्बर मंदिर जी तथा श्रीपार्श्व कुशल मंदिर दादावाड़ी में परमात्मा की भव्य एवं मनमोहक अंगी रचना की गई। जिसे निहारने के लिये बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग मंदिर जी पर पहुंचे।

सकलेचा परिवार को मिला ध्वजा का लाभ

जन्म वांचन के समारोह में श्री चंदा प्रभु जैन मंदिर के शिखर पर बसंत पंचमी के पावन पर्व पर नूतन ध्वजा चढ़ाने का लाभ प्रेमचंद दिलीप कुमार दिनेश कुमार धर्मेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लिया गया। जैन श्वेताम्बर समाज में इस वर्ष पवित्र अध्यात्म महापर्व पर्वाधिराज पर्युषण की आठ दिवसीय आराधना श्रावक और श्राविकाओं को सामूहिक रूप से करवाने के लिए समकित परिवार मुंबई से 3 साधर्मिक भाई खुशाल भाई, नितेश भाई, अभिषेक भाई नलखेड़ा आए हैं।

जिले से हटाए जाने की मांग

कलेक्टर के खिलाफ पत्रकारों ने पारित किया निंदा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

आगर-मालवा जिले के कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना की कार्यशैली, पत्रकारों के प्रति कथित उपेक्षापूर्ण रवैये और संवादहीनता को लेकर जिले के पत्रकारों में नाराजगी सामने आई है। शनिवार को आगर नगर एवं जिले के पत्रकारों की बैठक में कलेक्टर के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। पत्रकारों ने राज्य शासन से कलेक्टर डॉ. मीना को तत्काल जिले से हटाए जाने की मांग की।

शनिवार दोपहर 1 बजे गांधी उपवन, छावनी में पत्रकारों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर की कार्यशैली, पत्रकारों के प्रति कथित उपेक्षापूर्ण रवैये, संवादहीनता तथा जनसुनवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में पत्रकारों को कवरेज से रोके जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है, ताकि शासन की योजनाओं एवं आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाया जा सके। विस्तृत चर्चा के बाद पत्रकारों ने सर्वसम्मति से कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना की कार्यप्रणाली एवं व्यवहार की निंदा करते हुए राज्य शासन से उन्हें तत्काल हटाने की मांग की।पत्रकारों ने मांग की कि जिले में ऐसे अधिकारी को कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया जाए, जो मीडिया सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रशासनिक कार्यों का संचालन करे।

किसान संघ भी जता चुका है नाराजगी

कलेक्टर की कार्यप्रणाली को लेकर किसान संघ द्वारा भी पूर्व में नाराजगी जताई जा चुकी है। बताया गया कि 2 सितंबर को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर के साथ किसान संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। किसान संघ के पदाधिकारियों के अनुसार बैठक में किसानों की प्रमुख मांगों पर अपेक्षित चर्चा नहीं होने तथा कलेक्टर के रवैये से नाराज होकर उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा पर किसानों को भड़काने जैसे आरोप लगाए जाने की बात भी किसान संघ की ओर से कही गई। इसके बाद 4 सितंबर को किसान संघ ने कलेक्टर की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग को लेकर एएसपी रविंद्र कुमार बोयत को प्रदेश शासन के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा था। अब पत्रकारों द्वारा भी कलेक्टर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किए जाने से जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

बीआरसी एवं एपीसी के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

मंदसौर। जिला परियोजना समन्वयक अनिल पटेल ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के दिशा निर्देशानुसार जिले में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयकों के पदों की पूर्ति की जाना है जिसके लिए योग्यताधारी लोक सेवकों से दिनांक 25 सितम्बर की सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं योग्यता की शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र मंदसौर में देखी जा सकती है।

भगवान जगन्नाथ की महाआरती आज

मंदसौर। प्रति माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को शिवना नदी तट पर स्थित (पुरी, उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति) 500 वर्ष से अधिक प्राचीन मध्य प्रदेश का एकमात्र ऐतिहासिक सिद्ध स्थल में काष्ठ के विग्रह वाले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी की आरती में सपरिवार पुण्य लाभ लें। यह एक सिद्ध स्थल है। निष्ठा भाव से जुड़कर स्वयं चमत्कार अनुभव करेंगे। मिति भाद्रपद शुक्ल द्वितीया सं. 2083 दिनांक 13 सितम्बर रविवार सायं 5.30 बजे से भजन कीर्तन सायं 7 बजे महाआरती जगदीश मंदिर भगवान जगन्नाथ का सिद्ध स्थल शिवना नदी तट, श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के सामने, भावसार धर्मशाला के पास, मंदसौर पर होगी।

डोडाचूरा तस्करी के आरोपी को 10 वर्ष की सजा व 1 लाख के जुर्माने से किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एडीपीएस कोर्ट मुनेन्द्र सिंह वर्मा मंदसौर द्वारा निर्णय में आरोपी रामप्रसाद पिता रामचन्द्र नायक निवासी ग्राम करनाली जागीर थाना सीतामउ जिला मंदसौर को डोडाचूरा तस्करी के अपराध में दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा एवं 1 लाख जुर्माने से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सोलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 23.11.2018 सीतामउ थाने पर पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुभाष गिरी मुखबीर सूचना पर से ग्राम तितरोद गोपालपुरा रोड गिट्टी मशीन के आगे पुलिया पर हमराह फोर्स के साथ पहुंचा, जहां पर नाकाबंदी करते ग्राम करनाली जागीर तरफ से एक ट्रेक्टर ट्राली आता हुआ दिखा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से रोका गया। ट्रेक्टर के चालक ने अपना नाम रामप्रसाद पिता रामचन्द्र बताया।

सहायक उपनिरीक्षक सुभाष गिरी ने ट्रेक्टर के साथ जुड़ी ट्रोली को चैक किया जिसमें सोयाबीन के भूसे के अंदर छिपा रखे 07 प्लास्टिक के कट्टे मिले जिन्हें चैक करते उनके अंदर डोडाचूरा भरा हुआ मिला। आरोपी रामप्रसाद के पास अवैध डोडाचूरा पाये जाने से पुलिस ने उक्त ट्रेक्टर ट्रोली सहित डोडाचूरा जप्त कर रामप्रसाद को गिरफ्तार किया था। मौके की संपूर्ण कार्यवाही पश्चात आरोपी के विरूद्ध थाना सीतामउ पर अपराध क्रमांक 444/2018 धारा 8/15,25,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान उपरान्त न्यायालय में चालान पेश किया गया था।

सोयाबीन फसल सुरक्षा के लिए जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख एवं कृषि वैज्ञानिक जीएस चुण्डावत ने बताया कि जिले में सोयाबीन की फसल पर एंथ्रेक्नोज और एरियल ब्लाइट रोगों का प्रकोप देखा जा रहा है, जिसको लेकर कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर ने किसानों के लिए समसामयिक एडवाइजरी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार एंथ्रेक्नोज रोग लगने पर पौधे की ऊपरी पत्तियों की निचली सतह की नसें भूरी या लाल होकर ऊपर की ओर मुड़ने लगती हैं। इसके अलावा पत्तियों के डंठल पर गहरे धब्बे बन जाते हैं, जिससे पत्तियां समय से पहले गिरने लगती हैं और आगे चलकर फलियों पर भी गहरे, धंसे हुए भूरे या काले रंग के धब्बे दिखाई देने लगते हैं। किसान इस बीमारी के नियंत्रण के लिए कार्बेंडाजिम 12 प्रतिशत + मैंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी, या टेबूकोनाजोल 25.9 ई.सी., अथवा टेबूकोनाजोल 38.39 की 625 मिलीलीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

चुण्डावत ने बताया कि फसल पर एरियल ब्लाइट रोग के प्रकोप के दौरान पत्तियों पर पानी जैसे धब्बे बनने लगते हैं और पत्तियां पूरी तरह सूख जाती हैं। इस रोग में तनों पर सफेद-भूरे रंग का बारीक फंगल जाल बन जाता है और पत्तियां आपस में चिपकने लगती हैं। इसके उपचार व फैलाव को रोकने के लिए किसानों को पाइराक्लोस्ट्रोबिन 333 ग्राम प्रति लीटर + फ्लक्सापायरोक्सैड 167.7 ग्राम प्रति लीटर एससी की 300 मिलीलीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में मिलाकर, या पायराक्लोस्ट्रोबिन 133 ग्राम प्रति लीटर ईपॉक्सिकोनाजोल 50 ग्राम प्रति लीटर एसई की 750 मिली मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करने की सलाह दी है।

रानी अग्रवाल अध्यक्ष व श्रुति सचिव मनोनीत

नेमिनाथ अग्रवाल दिगंबर जैन महिला मंडल का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नेमिनाथ अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर बड़ा चौक मंदसौर की महिला मंडल की बैठक में रानी अनिल अग्रवाल को अध्यक्ष एवं श्रुति आशीष गर्ग को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।





नव मनोनीत अध्यक्ष रानी अग्रवाल एवं सचिव श्रुति गर्ग ने बताया कि समाज के वरिष्ठ जनों से चर्चा उपरांत महिला मंडल की टीम गठित की गई जिसमें संरक्षक तृप्ति कमल गर्ग एवं ज्योति संजय गर्ग को बनाया गया। नव मनोनीत अध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल ने कहा कि समाज की मातृशक्ति ने मुझ पर भरोसा करके मुझे महिला मंडल का अध्यक्ष बनाया है मैं इस पद की गरिमा और मान मर्यादा को बनाए रखुगी। सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में हमेशा पूरी टीम के साथ बढ़-चढ़कर भाग लूंगी और प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी भी में लेती हो। जैन समाज में वर्ष भर में सबसे बड़ा पर्व पर्युषण पर्व होता है इस पर्व की गरिमा के अनुरूप 10 दिनों तक मंदिर में एक से बढ़कर एक धार्मिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग उन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग ले सकें।

पूर्व कलेक्टर ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने सुनाए यात्रा के अनुभव

नर्मदा परिक्रमा ने सिखाया अहंकार छोड़कर सेवा और निर्भयता से जीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नर्मदा की पद परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि स्वयं को जानने, अहंकार से मुक्त होने और सेवा, त्याग, वैराग्य तथा निर्भयता का बोध कराने वाली साधना है। यात्रा के दौरान मनुष्य को यह अनुभव होता है कि जीवन के लिए बहुत अधिक साधनों की आवश्यकता नहीं है। नर्मदा मैया के किनारे साधु-संतों और सामान्य लोगों की आत्मीय सेवा यह सिखाती है कि जिसके पास देने के लिए बहुत कम है, वह भी श्रद्धा और प्रेम से बहुत कुछ दे सकता है। यह बात मंदसौर के पूर्व कलेक्टर ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने नर्मदा परिक्रमा के संस्मरण सुनाते हुए कही। नर्मदा परिक्रमा पूरी करने के बाद मंदसौर पहुंचे पूर्व कलेक्टर ओमप्रकाश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी भारती श्रीवास्तव के सम्मान में नपा सभागार, गांधी चौराहा पर अष्टमूर्ति ग्रुप द्वारा





श्री नर्मदा यात्रा संस्मरण प्रसंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर की विशेष उपस्थिति रही।

श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशासनिक सेवा के दौरान उन्हें जिस तरह की संतुष्टि और स्नेह मंदसौर में मिला, वह कहीं और नहीं मिला। नर्मदा परिक्रमा के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति के भीतर शांति, वैराग्य, प्रेम और करुणा उत्पन्न होने लगे तो समझना चाहिए कि साधना सही दिशा में आगे बढ़ रही है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी देन यह है कि वह दिखाई देने वाले संसार के पीछे मौजूद उस सत्य को जानने की प्रेरणा देती है, जिसे हम ईश्वर कहते हैं। जिस तरह विज्ञान के नियमों को समझकर हम संसार को बदलते हैं, उसी तरह अध्यात्म के नियमों को अपने भीतर उतारने पर ईश्वर की अनुभूति की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा में कई ऐसे अनुभव हुए, जिन्होंने जीवन को देखने का नजरिया बदल दिया। घर में रहते हुए व्यक्ति निश्चिंतता का जीवन जीता है, लेकिन यात्रा में अगले पड़ाव पर क्या मिलेगा, इसकी कोई निश्चितता नहीं होती। जब परिक्रमा शुरू की तो पीठ पर काफी सामान था, लेकिन दो दिन में समझ आ गया कि इतना सामान लेकर चलना संभव नहीं है। सामान कम किया तो अनुभव हुआ कि कम साधनों में भी जीवन चल सकता है और कई बार बेहतर ढंग से चल सकता है।

श्रीवास्तव ने कहा कि नर्मदा यात्रा व्यक्ति के अहंकार की परीक्षा भी लेती है। जीवनभर पद पर रहते हुए जिस तरह लोग सम्मान देते हैं, यात्रा में परिस्थितियां बिल्कुल अलग होती हैं। उन्होंने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि एक दिन किसी ने सहज भाव से कहा कि बाबाजी चाय पी लो और कहीं किसी ने चाय के लिए दस रुपए दे दिए। ऐसी छोटी-छोटी घटनाएं व्यक्ति को यह समझाती हैं कि वह वास्तव में क्या है और उसके पद या बाहरी पहचान का कितना महत्व है। उन्होंने कहा कि परिक्रमा के दौरान कभी बकरियों और मुर्गियों के साथ भी सोना पड़ा तो कभी जंगल में ऐसे आश्रम में पहुंचे, जहां ताला लगा था। आश्रम के महंत से फोन पर संपर्क हुआ तो उन्होंने बताया कि वे जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं, लेकिन आश्रम में भोजन सामग्री रखी है, उसे बनाकर भोजन कर लें और वहीं आराम करें। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग में ऐसे अनेक लोग मिले, जिनके पास स्वयं के लिए बहुत कुछ नहीं था, फिर भी वे साधकों की आत्मीयता से सेवा करते थे।

खबर संक्षेप

सांसद पाटिल ने बुजुर्गों से की भेंट



चापड़ा। दो दिवसीय बागली विधानसभा प्रवास के दौरान क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील पुरोहित के साथ ग्राम चापड़ा बेहरी पहुंचे। चापड़ा में सांसद पाटिल ने भाजपा नेता गंगाराम पाटीदार, कांतिलाल पाटीदार के 100 वर्षीय पिता सिद्धनाथ भूत और बेहरी में नारायण बागवान की 105 वर्षीय वयोवृद्ध माता और भागीरथ पटेल की माता से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना।उल्लेखनीय है कि जिस स्थान पर सांसद पाटिल पहुंचे, उसी स्थान पर तत्कालीन सांसद स्व. नंदकुमार सिंह चौहान भी अपने प्रवास के दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित के साथ कार्यकर्ता के घर पहुंचे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील पुरोहित द्वारा अवगत कराने पर सांसद पाटिल तुरंत दोनों घरों में पहुंचे, जहां परिजनों ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर सांसद ने कहा कि दोनों माताओं के जीवन के अनुभव और स्नेहिल बातों को सुनकर मन भावुक हो उठा। इतनी लंबी आयु में उनका जीवन अनुभव हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।इस दौरान भाजपा नेता किशोर यादव गौरीशंकर पांचाल कांतिलाल पाटीदार आदि मौजूद रहे।

नेशनल लोक अदालत में 1521 लंबित प्रकरणों का किया गया निराकरण

35 न्यायिक खंडपीठों में 52.55 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित, 30 दंपतियों के विवाद सुलझाए

परिवार न्यायालय देवास ने लोक अदालत में विशेष उपलब्धि की हासिल, प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने एकल बैठक में 93 प्रकरणों का किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष कपिल मेहता के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत में 1521 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में कुल 52 करोड़ 55 लाख 21 हजार 632 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। इसके अलावा 219 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण करते हुए 14 लाख 80 हजार 561 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत केवल लंबित मामलों के निराकरण का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी सहमति, सौहार्द और सामाजिक समरसता स्थापित करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, विभागीय अधिकारियों एवं पक्षकारों से अधिकाधिक मामलों का आपसी समझौते से निराकरण कराने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय देवास सहित सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द एवं बागली में कुल 35 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया था। निराकृत 1521 प्रकरणों में 614 आपराधिक, 46 मोटर दुर्घटना दावा, 210 चेक बाउंस, 51 पारिवारिक, 201 विद्युत, 11 श्रम, 175 ट्रैफिक चालान, 184 विविध, 27 सिविल तथा एक बैंक रिकवरी प्रकरण शामिल रहा। समझौते के आधार पर 52 करोड़ 40 लाख 41 हजार 71 रुपए के अवार्ड पारित हुए। वहीं चेक बाउंस के 210 प्रकरणों में 4 करोड़ 79 लाख 82 हजार 929 रुपए की राशि का सेटलमेंट किया गया।

परिवार न्यायालय की उपलब्धि

परिवार न्यायालय देवास ने लोक अदालत में विशेष उपलब्धि हासिल की। प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने एकल बैठक में 93 प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें 30 दंपतियों के पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति और समझाइश से समाधान कराया गया। विवाद समाप्त होने के बाद 30 जोड़े खुशी के माहौल में ढोल-नगाड़ों के साथ अपने घर रवाना हुए। यह दृश्य लोक अदालत की भावना 'विवाद का अंत, संबंधों की पुनः शुरुआत' का प्रतीक बना। प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता ने लोक अदालत के दौरान विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल एवं बीमा कंपनियों सहित विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कराने के निर्देश दिए। आयोजन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पैरालीगल वालेंटियर्स, विभागीय अधिकारी एवं पक्षकार उपस्थित रहे।

सोने की चेन लूटने के इरादे से 60 वर्षीय महिला की हत्या, दो नाबालिग पुलिस अभिरक्षा में

24 घंटे में जघन्य हत्या का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सतवास थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय महिला की हत्या और उसकी बेटी पर जानलेवा हमले के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में दो विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों ने सोने की चेन लूटने के इरादे से वारदात को अंजाम दिया था।पुलिस के मुताबिक 10 सितंबर को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 9, पुनासा रोड, पुनर्वास सतवास स्थित मकान में माया पति स्व. अशोक शर्मा और उनकी बेटी रानू पति राकेश शर्मा खून से लथपथ अवस्था में मिली हैं। सूचना मिलते ही एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन, एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी और सतवास पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल रानू को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य जुटाए।विवेचना के दौरान घायल महिला से मिली जानकारी, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों को आपस में जोड़ते हुए पुलिस ने 8-10 संदिग्धों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि दोनों नाबालिगों ने वारदात से पहले 2-3 बार महिला के घर की रेकी की थी। उनका उद्देश्य महिला के गले से सोने की चेन लूटकर उससे प्राप्त राशि से अपने शौक पूरे करना था।वारदात के दौरान धारदार हथियार से हमला किया गया। बेटी ने बीच-बचाव किया तो उस पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने दोनों बालकों को अभिरक्षा में लेकर उनकी निशानदेही पर सोने की चेन के दो टुकड़े, दो मोबाइल फोन, छुर्रा, काले रंग का चाकू कवर और लोहे का भारी बाट जब्त किया है। कार्रवाई में सतवास, खातेगांव सहित चार थानों की पुलिस टीम और साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

फाइबर एलपीजी सिलेंडर की प्री-लॉन्चिंग

देवास। एलपीजी उपभोक्ताओं की सुविधा और बेहतर सेवा को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा 10 किलोग्राम क्षमता का आधुनिक फाइबर एलपीजी सिलेंडर बाजार में उतारा गया है। देवास में इस नए सिलेंडर की प्री-लॉन्चिंग विधायक गायत्री राजे पंवार द्वारा की गई। उन्होंने प्रथम उपभोक्ता के रूप में नए फाइबर सिलेंडर का शुभारंभ किया। गैस एजेंसी संचालक मनीष सोलंकी ने बताया कि नया 10 किलोग्राम फाइबर एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसकी सबसे प्रमुख विशेषता इसका पारदर्शी होना है, जिससे उपभोक्ता सिलेंडर में उपलब्ध गैस की मात्रा को आसानी से देख सकेंगे। इससे गैस की शेष मात्रा को लेकर होने वाली परेशानी से भी उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से सिलेंडर बुक कर सकेंगे। ऑनलाइन ऑर्डर के बाद लगभग 30 मिनट में होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी बताई गई है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया सोयाबीन फसल का निरीक्षण

देवास। जिले के विकासखंड कन्नौद की ग्राम पंचायत नांदोन के ग्राम डाबरी में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल में कीट एवं रोगों के प्रकोप तथा उससे होने वाले संभावित नुकसान का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सोयाबीन की फसल में कहीं-कहीं पीलापन दिखाई दिया। अधिकारियों ने किसानों को जानकारी दी कि फसल में पीलापन दिखाई देने का एक प्रमुख कारण पीला मोजेक रोग हो सकता है। इसका प्रसार मुख्य रूप से सफेद मक्खी कीटों के माध्यम से होता है। अधिकारियों ने किसानों को सफेद मक्खी के प्रभावी नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल की 125 मिलीलीटर अथवा थायोमेथोक्साम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी की 125 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर के उपयोग की जानकारी दी।

158 प्रकरणों का निराकरण, 325 पक्षकार लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ न्यायाधीश राघवेन्द्र सिंह चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।कार्यक्रम में न्यायाधीश दशरथ सिंह भिड़े, न्यायाधीश परिधि गुप्ता, न्यायाधीश प्राची गुणवान, अध्यक्ष अभिभाषक संघ प्रवीण कुमार लाहोटी, अधिवक्तागण, विद्युत मंडल, बैंक, नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयीन कर्मचारी, विधिक सेवा कर्मचारी, पैरालीगल वालंटियर एवं पक्षकार उपस्थित रहे।लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। कुल 158 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें 7 प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी शामिल रहे। इन प्रकरणों के निराकरण से लगभग 325 पक्षकार लाभान्वित हुए।निराकृत प्रकरणों में 8 क्लेम प्रकरणों में 31 लाख 85 हजार रुपए के अवार्ड पारित किए गए। वहीं चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 के 24 प्रकरणों में 33 लाख 96 रुपए की समझौता राशि पर सहमति बनी। बैंक के 7 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 12 लाख 84 हजार रुपए, विद्युत मंडल के 30 प्रकरणों में 5 लाख 44 हजार 278 रुपए तथा सिविल के 2 प्रकरणों में 2 लाख 57 हजार 136 रुपए की समझौता राशि पर सहमति बनी।

पिपरी में गूंजा माटी गणेश का संदेश विद्यार्थियों ने सीखा प्रतिमाएं बनाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से नवांकुर संस्था मां पार्वती नायक वेलफेयर सोसाइटी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरी द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत शासकीय पीएम श्री एकीकृत हायर सेकंडरी स्कूल पिपरी में माटी गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य ज्योति बैक, शिक्षक दिलीप सिंगाड़े, दुर्गेश सेन, नंदकिशोर डावर, अनोप नागर, विजेन्द्र पवार एवं जितेंद्र चौहान तथा शिक्षिकाएं शिवानी मालवीय एवं हेमलता शर्मा उपस्थित रहीं। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरी की ओर से अध्यक्ष गणेश सेन, कोषाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, साहिल सिंदे एवं अजय जमले उपस्थित रहे। वहीं रतनपुर प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेश देवड़ा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी संस्था प्रमुख बनेसिंह नायक ने दी।

सेवा संकल्प अभियान तहत कार्यसमिति बैठक व कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम अमरपुरा में 'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत बागली विधानसभा के कर्णेश्वर मंडल की मंडल कार्यसमिति बैठक एवं मंडल कार्यशाला सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव,खातेगांव विधानसभा प्रभारी एवं मुख्य वक्ता विरेन्द्र राजावत ,मेहरबान सिंह पटेल, मंडल प्रभारी महेश पाटीदार, जिला मंत्री देवकरण पाटीदार,करनावद नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार के व्दारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात सामूहिक वंदे मातरम गान हुआ। कार्यशाला में सेवा, संगठन और समर्पण के संकल्प के साथ अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु अतिथियों ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा आगामी कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर को एक दिया हर घर जलाने के लिए आग्रह किया गया। इस दौरान महामंत्री राजेश गोयल, पूर्व सरपंच जीवन सिंह चंदेल, डॉ.जे. सी. यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

135 विद्यालयों के शिक्षकों को किया प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए आयोजित चार दिवसीय FLN प्रशिक्षण के प्रथम चरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ।प्रशिक्षण में विकासखंड के 135 विद्यालयों से उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को कक्षा 1 एवं 2 में बच्चों की आधारभूत दक्षताओं के विकास, भाषा एवं गणितीय कौशल, संख्या पहचान, जोड़-घटाव, गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल सामग्री के उपयोग सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मार्गदर्शन बीआरसी बोहरा,आशीष सिसोदिया, अलकेश पाटीदार,प्रफुल्ल द्विवेदी एवं ब्लॉक सह-समन्वयक सुभाष मालवीय द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में हिंदी मास्टर ट्रेनर बी.वाई. तिवारी, कमल सिंह राजपूत, गणित मास्टर ट्रेनर विक्रम सिंह परमार एवं रमेश चंद्र सोलंकी तथा अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर जगदीश परमार एवं नेहा श्रीवास्तव द्वारा विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया गया।चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान देवास डीपीसी सुनील शर्मा एवं डाइट देवास की टीम द्वारा प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर प्रशिक्षण गतिविधियों का जायजा लिया।

जिला जेल में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला जेल देवास में बंदियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं दंत संबंधी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से श्री अरविंदो दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं पी.जी. इंस्टिट्यूट, इंदौर के लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद की विशेष अनुमति एवं जेल स्टॉफ के सहयोग से आयोजित शिविर में चिकित्सकों की 11 सदस्यीय टीम ने बंदियों का दंत परीक्षण किया। शिविर के दौरान 63 बंदियों की ओपीडी में दंत जांच की गई, जिसमें से 14 बंदियों को आवश्यक दंत उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान बंदियों को नियमित रूप से दांतों की सफाई करने, सही तरीके से ब्रश करने और मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। अरविंदो दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं पी.जी. इंस्टिट्यूट, इंदौर के पीआरओ डॉ. पवन कुमार जैन ने बताया कि जिला जेल देवास में निःशुल्क दंत चिकित्सा सेवा प्रदान करने का अवसर मिला। टीम द्वारा बंदियों की जांच एवं आवश्यक उपचार के साथ उन्हें मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। वहीं जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने बताया कि बंदियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं जेल परिसर में ही उपलब्ध हो सकें।

पुलिस की कार्यप्रणाली के मूल्यांकन में खातेगांव थाना अव्वल

कन्नौद अनुभाग ने हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की अध्यक्षता में अगस्त माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एएसपी शहर गजेन्द्र सिंह वर्धमान, ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन, यातायात एएसपी एचएन बाथम, परिवीक्षाधीन आईपीएस आलोक वर्मा सहित जिले के समस्त एसडीओपी, थाना-चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।बैठक में अगस्त माह में 25 पैरामीटर के आधार पर किए गए मूल्यांकन की रैंकिंग जारी की गई। इसमें थाना खातेगांव ने प्रथम, उदयनगर ने द्वितीय और सतवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अनुभागवार रैंकिंग में कन्नौद प्रथम, बागली द्वितीय और नगर पुलिस अधीक्षक देवास अनुभाग तृतीय स्थान पर रहा।प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी खातेगांव निरीक्षक दिलीप पुरी एवं तत्कालीन थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी को पुरस्कृत किया गया। वहीं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी को अनुभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।अगस्त माह में उत्कृष्ट तकनीकी कार्य के लिए उपनिरीक्षक राहुल परमार एवं महिला आरक्षक 1052 निशा पाटोरिया को देवास पुलिस का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार दिया गया। दोनों ने 63 लाख रुपए के डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में बैंकिंग ट्रांजेक्शन, मोबाइल डेटा, सीसीटीवी एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क का खुलासा किया। इस कार्रवाई में 17 राज्यों के 33 जिलों में 127 दिनों तक कार्रवाई कर 12 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया तथा 54.84 लाख रुपए बरामद किए गए।

एसपी ने आगामी गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि को देखते हुए पंडालों, विसर्जन स्थलों और चल समारोह मार्गों का पूर्व निरीक्षण, सुरक्षा ऑडिट, यातायात व्यवस्था तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। चोरी पर प्रभावी गश्त, अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस, साइबर अपराध के लिए डायल-1930 के प्रचार, ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा कर उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया गया।

जन्मदिवस पर परिवार सहित धार्मिक यात्रा के बाद निज निवास पहुंचे विधायक दंपती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



जन्मदिवस के अवसर पर परिवार सहित धार्मिक यात्रा पर निकले बागली विधायक मुरली भंवरा तीर्थ दर्शन एवं पूजा-अर्चना के बाद अपने गृह नगर बागली लौटे। धार्मिक यात्रा से लौटे विधायक भंवरा एवं उनकी धर्मपत्नी का उनके निज निवास पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने आत्मीयता के साथ स्वागत-अभिनंदन क्रिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक दंपती का स्वागत करते हुए उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं भी दीं। धार्मिक यात्रा के दौरान विधायक मुरली भंवरा ने विभिन्न पावन धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और ईश्वर की आराधना की। उनके साथ कर्णेश्वर मंडल अध्यक्ष जसपाल सिंह सेंधव एवं जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव भी मौजूद रहे। धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना के दौरान बागली विधानसभा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगलकामना की गई। तीर्थ यात्रा पूर्ण होने के बाद विधायक दंपती के निज निवास पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष जसपाल सिंह सेंधव एवं गोविंद यादव ने आत्मीय स्वागत किया। वहीं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष टीकेन प्रताप सिंह, तेज सिंह सेंधव, राहुल शर्मा एवं पुष्पेंद्र राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी विधायक एवं उनकी धर्मपत्नी का अभिनंदन किया।

खबर संक्षेप



रक्तदान कर मासूम सहित महिला के प्राण बचाए

ललितपुर। प्राइवेट चिकित्सालय मे भर्ती एक वर्षीय मासूम को ब्लड की आवश्यकता पर डॉक्टर ने परिजनों से जल्द से जल्द ब्लड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।मगर परिजनों का बच्चे के ब्लड ग्रुप से किसी का ब्लड ग्रुप मैच नही हुआ बच्चे का पिता काफी चिंतित और परेशान हो रहे थे जब इसकी जानकारी जय अंबे समिति के वरिष्ठ सदस्य बलराम राज को हुई तुरंत बलराम राज ने रक्तदाता छोटेलाल से संपर्क किया और छोटेलाल ने अपने निजी कार्य छोड़कर ब्लड बैंक पहुंचकर एक वर्षीय मासूम को अपना ब्लड रक्तदान कियातो वही अत्यंत आवश्यक महिला मरीज को धर्मेंद्र राजा बुंदेला (बुंदेला एसोसिएट) ने अपना बहुमूल्य ब्लड रक्तदान कर महिला का जीवन बचाया समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर तथा दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने दोनों रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर कन्हैयालाल रजक बलराम राज शैलेंद्र राजा बुंदेला पत्रकार आशीष तिवारी पत्रकार निहाल सेन पटना आदि रहे।

मऊठाना में सूने मकान जेवरात और नकदी ले उड़े

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मऊठाना मोहल्ले में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद घर में सामान बिखरा मिला। पीड़ित की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मऊठाना निवासी आर्जव जैन पुत्र स्व. शैलेन्द्र कुमार जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 सितंबर 2026 की रात करीब 3.33 बजे अज्ञात चोरों ने उनके मकान में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जानकारी होने पर घर में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला और कीमती जेवरात व नकदी गायब थी। चोर घर से सोने की चेन, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, कान के बाला, शुद्ध चांदी से बने आभूषण, चार से पांच जोड़ी चांदी की पायल तथा चांदी का करधौना समेत नकदी चोरी कर ले गए। इस घटनाक्रम के बाद पुलिस के सामने चाबी चोरी और उसके बाद हुई चोरी के बीच संभावित संबंध की जांच भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

दहेज हत्या के मामले में फरार महिला को दबोचा

ललितपुर । दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रही 22 वर्षीय अभियुक्ता को थाना तालबेहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्ता को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने यह कार्रवाई की।

महरौनी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

ललितपुर। महरौनी कोतवाली क्षेत्र के पुराना सौजना रोड मोहल्ले में शुक्रवार शाम एक 18 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुराना सौजना रोड मोहल्ला निवासी अशोक कुमार पल्लेदारी का काम करते हैं। उनका 18 वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र चौधरी शुक्रवार को घर पर था। बताया गया कि शाम के समय वह घर में अकेला था। उसने कथित तौर पर बहन के दुपट्टे से फांसी लगा ली। शाम सात बजे जब पुष्पेंद्र के पिता अशोक कुमार मंडी में पल्लेदारी का काम समाप्त कर घर लौटे तो उन्होंने बेटे को कमरे में फंदे पर लटका देखा।

एसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

अभिलेखों में खामियां मिलने पर जताई नाराजगी तीन दिन में रिकॉर्ड दुरुस्त करने के दिए निर्देश

मिशन शक्ति, साइबर हेल्प डेस्क, रजिस्टरों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क सहित विभिन्न अभिलेखों और रजिस्टरों की स्थिति का जायजा लिया। कई अभिलेखों में प्रविष्टियां अपूर्ण मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मियों को रिकॉर्ड तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं दोबारा निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और उनके अद्यतन रखरखाव की स्थिति देखी। इसके बाद थाना परिसर का भ्रमण कर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता तथा आगंतुकों एवं पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई और हरित वातावरण बनाए रखने के साथ अभिलेखों का सतत अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र के रजिस्टरों और शिकायत निस्तारण की स्थिति की गहनता से जांच की गई। कुछ रजिस्टरों में आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण एवं अद्यतन नहीं पाई गईं। इस पर प्रभारी निरीक्षक को प्रविष्टियां तत्काल पूर्ण करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी गई। एसपी ने महिला संबंधी अपराधों में तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने और पीड़िताओं की शिकायतों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों और रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने इनके सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव के निर्देश दिए। इस दौरान साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों के साइबर अपराधों की विवेचना, शिकायतों के निस्तारण तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों के संचालन एवं उपयोग से संबंधित ज्ञान का परीक्षण भी किया गया। आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए साइबर शिकायतों पर प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई पर जोर दिया गया। निरीक्षण में जमानत रजिस्टर की जांच के दौरान कई प्रविष्टियां अपूर्ण मिलीं। इन्हें नियमानुसार पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं रजिस्टर संख्या-04 में कई स्थानों पर अनुक्रमणिका अंकित नहीं थी तथा अपराध का विवरण एवं अन्य आवश्यक प्रविष्टियां भी अधूरी मिलीं। एसपी ने संबंधित को सभी प्रविष्टियां पूर्ण करने और अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रजिस्टर संख्या-08 में भी आवश्यक प्रविष्टियों को नियमानुसार पूरा कर तीन दिन के भीतर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगामी निरीक्षण में फिर से ऐसी लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इसमें आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण एवं अद्यतन नहीं मिलीं। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को रजिस्टर की सभी प्रविष्टियां नियमानुसार पूर्ण करने और अपराधियों से संबंधित अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक समेत सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना आने वाले प्रत्येक आगंतुक और फरियादी के साथ शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। सीयूजी फोन को हमेशा क्रियाशील रखने तथा प्राप्त होने वाले कॉलों का समयबद्ध उत्तर देने को कहा। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों और समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि पुलिस की जनोन्मुखी और सकारात्मक कार्यशैली बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ और शराब की तस्करी एवं व्यापार में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करने को कहा। आदतन एवं संगठित अपराधियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई प्रस्तावित करने और नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने सभी विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। विवेचना में साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत तरीके से संकलन करने तथा अभियोगों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का उचित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने निर्देशित किया गया।

ट्रक से लोहे की रॉड चोरी का खुलासा

अंकित के साथ 4 आरोपी माल सहित गिरफ्तार किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना तालबेहट पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है। आरोपी के खिलाफ थाना तालबेहट में चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज था और वह मामले में वांछित चल रहा था।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना तालबेहट में दर्ज में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त सेरवासकलां निवासी अंकित पुत्र हरजू अहिरवार को 12 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार थाना जखौरा के ग्राम बांसी निवासी राजेश पुत्र छिद्दन रजक ने 10 सितंबर 2026 को सूचना दी थी कि उसके ट्रक संख्या यू.पी. 94 टी 5050 से अभियुक्त रामेश्वर व अज्ञात चोरों द्वारा लोहे की रॉड का बंडल चोरी कर लिया गया है। सूचना के आधार पर थाना तालबेहट में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मामले के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए मुकदमे में वांछित अभियुक्त अंकित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक इस प्रकरण में पूर्व में चार आरोपियों को भी नियमानुसार गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा, उपनिरीक्षक विकास कुमार, हेड कांस्टेबल शिववीर सिंह, कांस्टेबल जुगल किशोर तथा रिजर्व कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह सेंगर शामिल रहे।

खेतों में जलभराव से फलियां काली पड़कर अंकुरित हुईं

बारिश ने बिगाड़ी किसानों की उड़द-मूंग की फसल 50 से 80 प्रतिशत तक नुकसान होने का दावा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई क्षेत्रों में पकी खड़ी उड़द, मूंग और सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान पहुंचने का दावा किसानों ने किया है। ग्राम पंचायत टैंनगा छिल्ला, बजर्रा, खजुरिया, खितवास, अंडेला समेत आसपास के गांवों में किसानों के अनुसार स्थिति गंभीर बनी हुई है। खेतों में जलभराव के कारण काटकर सुखाने के लिए रखी उड़द-मूंग की फसल खराब हो गई, जबकि खेत में खड़ी फसल की फलियां काली पडने के साथ अंकुरित होने लगी हैं। किसानों ने बताया कि उड़द और मूंग की फसल पककर तैयार हो चुकी थी। कई किसानों ने फसल काटकर खेत में ही सुखाने के लिए रखी थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया। इससे फसल पानी में भीगकर खराब होने लगी। किसानों का कहना है कि कई स्थानों पर 50 से 80 प्रतिशत तक फसल नुकसान हुआ है। ग्राम के किसान जगभान लोधी ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन बारिश ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने सरकार से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों के अनुसार मौके पर कृषि विभाग की संकुल प्रभारी रिचा त्रिपाठी और एनजीओ की टीम ने खेतों का निरीक्षण किया। किसानों का दावा है कि निरीक्षण के दौरान कई खेतों में 50 से 80 प्रतिशत तक नुकसान की स्थिति सामने आई।

किसानों ने आशंका जताई कि यदि अगले दो दिनों तक खेतों में पानी भरा रहा तो सोयाबीन की फसल को भी भारी नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही लगातार बारिश के कारण आगामी रबी फसलों की बुवाई प्रभावित होने और पिछडने की चिंता भी किसानों को सताने लगी है। किसानों ने फसल बीमा के नुकसान आकलन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि पूर्व में फसल नुकसान के सर्वे में कथित रूप से अनियमितता हुई है। उनका दावा है कि कुछ गांवों में अधिक नुकसान दर्शाया जाता है, जबकि अन्य गांवों में नुकसान का प्रतिशत कम दिखाए जाने से किसानों को अपेक्षित बीमा राशि नहीं मिल पाती। किसानों ने मांग की है कि राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावित गांवों में खेत-खेत जाकर निष्पक्ष सर्वे कराया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पात्र किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। निष्पक्ष सर्वे और उचित मुआवजे की मांग करने वालों में किशन परिहार, रामेश्वर लोधी, मूरत सिंह, बलराम विश्वकर्मा, उत्तम लोधी, गब्बर सिंह, रतिराम, सोबरन लोधी, ओमकार सेगर और पूरन सिंह सहित अन्य किसान शामिल हैं।

जमीन बेचने के बाद बैंक से सांठगांठ कर ऋण निकाला

बेनामा के बाद उसी जमीन पर दोबारा केसीसी लोन, फसल बीमा कराने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी एक युवक ने जमीन का बेनामा कराने के बाद उसी भूमि पर दोबारा केसीसी ऋण निकलवाने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जमीन बेचने के बावजूद आरोपियों ने बैंक से कथित सांठगांठ कर उसी भूमि को ऋण के लिए इस्तेमाल किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है। मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश और तहरीर के आधार पर मां-बेटे समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू नगर निवासी प्रियंक सिंह राठौर पुत्र प्रेम सिंह राठौर का परिचय ग्राम बम्हौरीकलां निवासी सुमित्रानंदन पुत्र रज्जन उर्फ लक्ष्मीनारायण से था।

आरोप है कि सुमित्रानंदन ने जमीन बेचने की बात कहकर प्रियंक को अपने गांव बुलाया और अपनी माता पुष्पा तथा बड़े भाई राजराजेश्वर से मुलाकात कराई। पठागौरी स्थित करीब 1.50 एकड़ (0.598 हेक्टेयर) भूमि का सौदा तय हुआ। 20 अप्रैल 2026 को जमीन दिखाए जाने के बाद 27 अप्रैल 2026 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से भूमि प्रियंक सिंह के पक्ष में हस्तांतरित कर दी गई। बेनामा के समय चेक के जरिए भुगतान किए जाने की बात कही गई है। बेनामा के दौरान विक्रेता तथा गवाह के रूप में मौजूद पुत्र राजराजेश्वर ने लिखित रूप से यह भी दिया था कि उक्त जमीन पर किसी बैंक का कोई ऋण बकाया नहीं है। आरोप लगाया गया है कि बेनामा होने के बाद प्रियंक को जानकारी हुई कि उक्त भूमि पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का कृषि ऋण पहले से लिया गया था, जिसकी जानकारी बैनामा के समय कथित तौर पर छिपाई गई थी। मामले को लेकर पंचायत और दबाव के बाद आरोपियों द्वारा 20 अगस्त 2026 को पुराना ऋण चुकता किए जाने की बात शिकायत में कही गई है। आरोप है कि पुराना ऋण चुकता होने के बाद आरोपियों ने कथित रूप से बैंक अधिकारियों से मिलकर उसी बैनामाशुदा 0.598 हेक्टेयर भूमि पर दोबारा केसीसी ऋण निकलवा लिया। उसका कहना है कि जमीन का स्वामित्व बैनामा के बाद उसके पक्ष में हो चुका था, इसके बावजूद भूमि को दोबारा ऋण के लिए इस्तेमाल किया गया। आरोप यह भी है कि 27 अगस्त 2026 को उसी भूमि पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रीमियम भी बैंक से कटवा लिया गया। इससे पीड़ित को कथित रूप से आर्थिक एवं कानूनी नुकसान होने की आशंका पैदा हुई। 29 अगस्त 2026 को प्रियंक को दोबारा ऋण निकाले जाने की जानकारी हुई। जब उसने आरोपियों से इस संबंध में सवाल किया तो कथित रूप से विवाद बढ़ गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने बैनामा के पैसे हड़पने और जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेचकर दोबारा धन प्राप्त करने की बात कही। आरोप है कि शिकायतकर्ता को धमकी दी गई कि यदि उसने दोबारा कानूनी कार्रवाई की या पठागौरी स्थित खेत पर गया तो उसे खेत में गाड़कर जान से मार दिया जाएगा। धमकी से भयभीत पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्राम बम्हौरीकलां निवासी सुमित्रानंदन पुत्र रज्जन उर्फ लक्ष्मीनारायण, पुष्पा पत्नी रज्जन उर्फ लक्ष्मीनारायण, राजराजेश्वर पुत्र रज्जन उर्फ लक्ष्मीनारायण के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

दो मोबाइल ले जाने का आरोप, नौ नामजदों समेत 10 पर मुकदमा

लेखपाल के सामने जमीन की नाप को लेकर बवाल, मारपीट

लाठी-डंडों और लात-घूंसों से किया हमला, महिला व बेटे को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिजयावन मजरा बालाढाना में जमीन की पैमाइश के दौरान विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि भूमि की नाप करने मौके पर पहुंचे लेखपाल के सामने ही विपक्षी पक्ष के लोगों ने एक महिला और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से मारपीट कर दी। हमले में महिला और उसका बेटा घायल हो गए। आरोप है कि घटना के बाद हमलावर महिला और उसके बेटे के मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिजयावन मजरा बालाढाना निवासी राजकुमारी पत्नी स्व. बलराम का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 9 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे उनकी भूमि की पैमाइश के लिए लेखपाल मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंच गए और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि राजकुमारी द्वारा इसका विरोध करने पर विपक्षीगण ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। लात-घूंसों के साथ लाठी-डंडों से हमला किए जाने से राजकुमारी को चोटें आईं। शोर सुनकर उनके बेटे आदित्य, अनुज तथा सास रामकुंवर बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। इस दौरान राजकुमारी के बेटे आदित्य को भी चोटें आईं। पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि मारपीट करने के बाद विपक्षी पक्ष के लोग उसका और उसके बेटे आदित्य का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्राम जिजयावन, मजरा बालाढाना निवासी रजपाल, महेंद्र, बलवीर सिंह और भान सिंह पुत्रगण स्व. लालसिंह, संजय पुत्र रजपाल, देशपत पुत्र महेंद्र, मनीषा पत्नी भानू, जलेवी पत्नी महेंद्र, राजो पत्नी रजपाल तथा भाना पत्नी बलबीर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

अग्निवीर भर्ती में फर्जीवाड़ा, चार ने दूसरे के दस्तावेजों पर फोटो लगाकर हासिल की नौकरी, वेरिफिकेशन खुलासा

ललितपुर। जिले में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अनुचित तरीके से नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। पुलिस वेरिफिकेशन के दौरान दस्तावेजों की जांच में कथित फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। मामले में कोतवाली ललितपुर में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान सामने आया कि ग्राम बिरारी निवासी कन्हैयालाल ने बीघामहावत निवासी यशवंत के साथ मिलकर कथित तौर पर यशवंत के दस्तावेजों पर अपना फोटो लगाकर अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में अनुचित तरीके से नौकरी हासिल की। इसी तरह जांच में बीघाखेत महर्रा निवासी आकाश द्वारा गेंचवारा निवासी रामचरन के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अग्निवीर भर्ती में नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया। वहीं बीघामहावत निवासी वीरेन्द्र लोधी पर भी बीघामहावत निवासी रामकुमार के दस्तावेजों का कथित रूप से इस्तेमाल कर अग्निवीर भर्ती में चयनित होकर नौकरी पाने का आरोप है। बताया गया कि अग्निवीर भर्ती के बाद अभ्यर्थियों के पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों और अभ्यर्थियों की पहचान से संबंधित जानकारी का सत्यापन किया गया। इसी दौरान दस्तावेजों के कथित दुरुपयोग और फोटो बदलकर भर्ती हासिल करने के मामले सामने आए। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने संबंधित तथ्यों की जांच शुरू की और कोतवाली ललितपुर में आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया। प्रकरण में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का कथित रूप से इस्तेमाल किए जाने की जानकारी सामने आई है।

ललितपुर में इस बार 12 दिन विराजेंगे गणाधिप गणेश, हरतालिका तीज व गणेश चतुर्थी व्रत कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



इस वर्ष ललितपुर में गणेशोत्सव 12 दिनों तक मनाया जाएगा। गणाधिप भगवान गणेश 12 दिनों तक श्रद्धालुओं के बीच विराजमान रहेंगे। हरतालिका तीज व्रत और गणेश चतुर्थी व्रत का शुभारंभ एक ही दिन 14 सितंबर 2026, सोमवार को होगा, जबकि 25 सितंबर, शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी श्याम श्री ज्योतिष अनुष्ठान पीठ (ज्योतिष कार्यालय) के संचालक एवं वैदिक विद्वत परिषद के अध्यक्ष वैदिक आचार्य पवन (तांत्रिक) ने दी। उन्होंने भादों माह के प्रमुख पर्वों की तिथियों की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से धार्मिक पर्वों में विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता करने की अपील की। आचार्य पवन तांत्रिक ने शास्त्रीय प्रमाणों का उल्लेख करते हुए बताया कि अखंड सौभाग्य की कामना से किया जाने वाला हरतालिका तीज व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। इसी दिन गणेश चतुर्थी व्रत एवं गणेशोत्सव का भी शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि धर्मशास्त्रीय विवेचन के अनुसार जब तृतीया दो दिन आती है तो परा तिथि ग्रहण की जाती है।

सगणातुकर्तव्याइ के अनुसार चतुर्थी से युक्त तृतीया को महान शुभ फल देने वाली माना गया है। आचार्य पवन तांत्रिक के अनुसार इस बार प्रमुख पर्व इस प्रकार रहेंगे, जिसमें 14 सितंबर सोमवार हरतालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी व्रत/गणेशोत्सव शुभारंभ, 15 सितंबर ऋषि पंचमी मंगलवार, 17 सितंबर मुक्ता भरन (संतान सातमी) गुरुवार, 22 सितंबर जल झूलनी ग्यारस मंगलवार, 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी एवं गणेश विसर्जन शुक्रवार को रहेगी। गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालु भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और मंगल की कामना करेंगे। अनंत चतुर्दशी के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

ऑपरेशन दहन में 400 लीटर कच्ची शराब नष्ट की

न्यायालय की अनुमति पर 57 मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती का कराया गया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन दहन के तहत थाना बार पुलिस ने करीब 42 हजार रुपये मूल्य की 400 लीटर अवैध कच्ची शराब का नियमानुसार निस्तारण कराया। यह कार्रवाई न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने के बाद गठित समिति की उपस्थिति में की गई। डीजीपी के निर्देश पर प्रदेशभर में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान ऑपरेशन दहन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद के सभी थाना प्रभारियों को माल मुकदमाती में रखे मादक पदार्थों के नियमानुसार निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में 12 सितंबर 2026 को थाना बार पुलिस द्वारा माल निस्तारण की कार्रवाई की गई। थाना बार पर पंजीकृत कुल 57 अभियोगों से संबंधित 400 लीटर अवैध कच्ची शराब को न्यायालय से नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने के बाद गठित समिति की उपस्थिति में नष्ट कराया गया। पुलिस के मुताबिक नष्ट की गई अवैध कच्ची शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 42,000 रुपये है। कार्रवाई के दौरान अभियान के तहत माल मुकदमाती के सुरक्षित एवं विधिक तरीके से निस्तारण की प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ-साथ थानों में लंबित माल मुकदमाती के नियमानुसार निस्तारण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



ब्यावरा विकासखंड के लखनवास में संचालित स्कूल की मान्यता 8 वीं तक, कक्षाएं 12वीं तक

नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहा निजी स्कूल, बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

शिक्षा के मंदिर में भविष्य और कानून दोनों के साथ खिलवाड़ करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। लखनवास संचालित अषासकीय विद्यालय ज्ञान ज्योति स्कूल में न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बल्कि बच्चों की पढ़ाई के साथ भी मजाक किया जा रहा है। आखिर राजगढ़ जिले में किसी मेहरबानी से नियमों को ताक पर रखकर चल रहा ह। कागजों में यह विद्यालय सिर्फ कक्षा 8 वीं तक ही मान्यता प्राप्त है लेकिन बेझिझक कक्षा 12 वीं तक के छात्रों को प्रवेश देकर उनकी पढ़ाई कराई जा रही है।मामला तब उजागर हुआ। जब गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे स्कूल परिसर के बाहर तीन-चार बच्चे सड़कों पर घूमते दिखाई दिए। जब उनसे बाहर घूमने का कारण पूछा गया तो उन्होंने जो खुलासा किया वह चैंकाने वाला था।

थोड़ी मस्ती की थी, इसलिए सर ने भगा दिया

सड़क पर घूम रहे छात्रों ने बताया कि वे सभी ज्ञान ज्योति स्कूल के ही विद्यार्थी हैं जिनमें से एक छात्र 11वीं कक्षा का और दो छात्र 12वीं कक्षा के हैं। बच्चों का कहना था कि कल उनसे थोड़ी मस्ती हो गई थी जिसकी सजा देते हुए आज स्कूल के सर ने उन्हें कक्षा में बैठने ही नहीं दिया और स्कूल से बाहर भगा दिया। जब स्कूल की मान्यता ही 12वीं तक नहीं है, तो इस विद्यालय में बड़ी कक्षा के विद्यार्थी कैसे अध्ययन कर रहे है। यह सब चलने के बाद भी शिक्षा विभाग अनजान बना हुआ। स्कूल चेकिंग के लिए जाने वाले बीआरसी के अधिकारी और कर्मचारियों को क्या यह सच में पता नहीं कि विद्यालय 12 वीं तक संचालित हो रहा है।

इनका कहना है...

मेरी जहां तक मान्यता है, मैं वहीं तक स्कूल चलाता हूं, बाकी एक सर हाल में कोचिंग पढ़ाते है। मेरे पास 12वीं तक के कोई छात्र नहीं है।

रवि गिरी गोस्वामी
संचालक ज्ञान ज्योति स्कूल लखनवास।

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, जल्द ही विद्यालय की जांच करवाई जाएगी और अगर उसमें यह सब होता पाया गया तो संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होगी।

दिलीप शर्मा
ब्लाक शिक्षा अधिकारी विकासखंड ब्यावरा।

सवालों के घेरे में ज्ञान ज्योति स्कूल प्रबंधन

सुरक्षा का जिम्मेदार कौन? अगर दोपहर के वक्त स्कूल से बाहर निकाले गए बच्चों के साथ कोई अनहोनी या दुर्घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता? क्या किसी छात्र को अनुशासन के नाम पर स्कूल परिसर से बाहर सड़क पर आवारा घूमने के लिए छोड़ देना जायज है? गैर-कानूनी कक्षाएं क्यों? जब स्कूल की मान्यता केवल कक्षा 8 वीं तक है तो 11 वीं और 12 वीं के छात्रों का दाखिला किस आधार पर लिया गया? क्या यह बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ सीधा धोखा नहीं है? शिक्षा विभाग की ढिलाई के कारण ऐसे निजी स्कूल न सिर्फ कानून को ताक पर रख रहे हैं बल्कि बच्चों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहे हैं।
अनुशासन सिखाने के नाम पर बच्चों को सड़क पर धकेल देना और बिना मान्यता के उच्च माध्यमिक कक्षाएं चलाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी ज्ञान ज्योति स्कूल पर क्या सख्त कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

ज्ञापन न लेने के चलते उपजा विवाद

नगरीय प्रशासन आयुक्त और जनप्रतिनिधियों में हुई नोकझोंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे शुकवार को राजगढ़ पहुंचे थे। कलेक्टोरेट सभागार में निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ हुई उनकी बैठक उपरान्त आयुक्त भोंडवे सर्किट आयुक्त पहुंचे। सर्किट हाउस में नगर कांग्रेस पदाधिकारी सहित अन्य भाजपाजन अपनी समस्याओं एवं ज्ञापन के संदर्भ में उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। जब इंका नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय सहित अन्य इंकाइयों ने उन्हें ज्ञापन देना चाहा तो आयुक्त ने सहजता से ज्ञापन स्वीकार नहीं किया और वे ज्ञापन लेने में ना-नुकर करने लगे। इसके साथ ही बगैर ज्ञापन लिए ही अपने वाहन में बैठकर जाने लगे। ऐसे में इंकाजन सहित अन्य भड़क उठे। सभी का कहना था कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर यदि उच्चाधिकारियों को अवगत नहीं कराएंगे तो फिर किसे संज्ञान में डाला जाए। कुछ समय हुई हल्की नोंक-झोंक उपरान्त आयुक्त श्री भोंडवे ने अंततः ज्ञापन स्वीकार करते हुए मांगों के निराकरण आ आश्वासन दिया।

आयुक्त से यह रखी मांगे

आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में नगर की बंद स्ट्रीट लाईटों का मुद्धा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही टेचिंग ग्राउण्ड में बाउन्ड्रीवाल बनवाने की मांग के साथ ही वार्ड-14 में सड़क निर्माण न होने के बावजूद राशि आहरण की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी गई। नगर इंकाध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि स्ट्रीट लाईट मद में लाखों रुपए खर्च के बावजूद जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा है। नगर के अनेक क्षेत्रों की स्ट्रीट लाईटें बंद पड़ी हुई हैं। सर्किट हाउस में भाजपाइयों और एक इंजीनियर के बीच भी अनबन की बात सामने आई है।

संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नरसिंहगढ़ के बच्चे हुए शामिल



नरसिंहगढ़। संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नरसिंहगढ़ के बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूली और संभागीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की जमीनी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिता में सिया दांगी, दिव्या नागर,मयंक सेन शामिल हुए । यह प्रतियोगिता दिनांक 11 एवं 12 सितंबर को भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित की गई। स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य सुनील दांगी, खेल प्रशिक्षक विक्रम लववंशी, संगठन सचिव राधेश्याम भिलाला, प्रकाश सिंह तोमर, राहुल जौनपुरिया, पंकज लववंशी।

कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर लगा भक्तों का तांता, लगाई आस्था की डुबकी



सारंगपुर। भादों मास की अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को नगर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। अमावस्या के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु कालीसिंध नदी के तट पर पहुंचे और नदी में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित संकट मोचन हनुमान जी तथा नवग्रह शनि देव के भी दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह के समय नदी तट और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी चहल-पहल रही।

शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के संदर्भ में दिग्विजय दिवस का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक भुवनेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह पवार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद द्वारा भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और मानवता का संदेश पूरी दुनिया के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उनके ऐतिहासिक संबोधन ने विश्व पटल पर भारत की पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की।इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार , दिनेश कुमार दांगी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों और उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना चुटेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कपिल वैष्णव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

मांगें नहीं मानी तो 29-30 को फिर हड़ताल

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंकों में हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/सारंगपुर

जिले में बैंक कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को हड़ताल पर रहने के कारण कामकाज प्रभावित रहा है। बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया बैंक यूनियन यूनाइटेड फोरम के आह्वान पर जिले की सभी बैंकों में हड़ताल रही। हड़ताल के चलते ग्राहकों को विभिन्न कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि अन्य शासकीय कार्यालयों की तरह बैंकों में भी सप्ताह में केवल पांच दिन कार्य दिवस निर्धारित किए जाएं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने कामकाज बंद रखकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।हड़ताल के चलते बैंकों में नगदी जमा एवं निकासी, आरटीजीएस, चेक संबंधी कार्य, लोन की किस्त जमा करने सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। कई ग्राहक बैंक पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा।भारतीय स्टेट बैंक में भी कर्मचारियों ने हड़ताल में सहभागिता की। इस दौरान मुख्य प्रबंधक संजय विजयवर्गीय, सहायक प्रबंधक विजेंद्र सिंह, उप प्रबंधक अभिषेक शर्मा, धर्मेंद्र मीणा, सायमा बानो सहित अन्य बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 29 और 30 सितंबर को भी लगातार हड़ताल की जाएगी। इससे आगामी दिनों में बैंकिंग सेवाओं पर और अधिक असर पड़ने की संभावना है।

उद्योगों को नियम पालन करने निर्देश

स्थानीय लोगों को अधिक रोजगार दें उद्योग गलतफहमी में न रहें: विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर


समीपस्थ औद्योगिक ग्राम पीलूखेड़ी स्थित कोका-कोला प्राइवेट लिमिटेड परिसर में शुक्रवार को उद्योग विभाग की बैठक मैं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई।

बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, विधायक मोहन शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं क्षेत्र में संचालित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को शासन के निर्धारित नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा सहित श्रमिकों से जुड़े सभी नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने भी उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक संस्थानों में शासन के नियमों का पालन प्रभावी रूप से कराया जाए।

इस दौरान विधायक मोहन शर्मा ने स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उद्योग संचालकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को अपेक्षित रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी उद्योग इस गलतफहमी में न रहे कि स्थानीय लोगों को रोजगार देना जरूरी नहीं है। उद्योगों में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी मजदूर के साथ दुर्घटना होने पर उसे और उसके परिवार को नियमानुसार हरसंभव सहायता मिलनी चाहिए। सभी श्रमिकों को शासन के नियमों के अनुसार वेतन एवं अन्य सुविधाएं मिलें तथा उनके भविष्य की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। औद्योगिक संस्थानों को श्रमिक हितों को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह व कल्याणक महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर



जैन श्वेताम्बर समाज के पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के पांचवें दिन 12 सितम्बर को भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह व कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। धानमंडी स्थित जयानंद भवन में आयोजित समाज के सेकंडों महिला पुरुषों कि उपस्थिति में यह समारोह मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर के जन्म के समय उनकी माता त्रिशला माता को आए 14 स्वप्नों कि बोलियां लगाई गई, साथ ही भगवान के पालने ,केशर के छापे लगाने, भगवान के जन्म के बाद उनको पालने में सबसे पहले झुला झुलाने, भगवान कि पहली आरती सहित कई बोलियां लगाई गई,पालना जी की बोली विजय कुमार विशाल कुमार चोरड़िया ने ली व लक्ष्मी जी के सपने की बोली विमल नाहर परिवार ने ली। श्रावक नितीन नाहर ने कल्प सूत्र के वाचन में भगवान महावीर के जन्म का वाचन किया।

वाचन के बाद भगवान महावीर के पालने व 14 स्वप्नों का भव्य जुलूस जयानंद भवन से निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ विजय कुमार विशाल कुमार चोरड़िया के निवास स्थान पर पहुंचा जहां भगवान महावीर के पालने को विधी विधान से प्रतिष्ठित किया व आरती के बाद प्रभावना का वितरण हुआ। साथ ही भगवान के जन्म के बाद प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभावना राकेश चोरड़िया,राजेश चोरड़िया व रजनीश चोरड़िया परिवार कि ओर से की गई जन्म वाचन के बाद सभी ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी व सभी को केशर के छापे विशाल ,गोतम नाहर,बन्टी गांग,अपुर्व गांग व श्रेषभ बाफना ने लगाए जन्म वाचन के समय श्री संघ पर गुलाबजल का छिड़काव जिन शासन सेवक मण्डल के बालक बालिकाओं ने किया। भगवान के मुनीम बनने की बोली का लाभ अक्षय चोरड़िया ने लिया। पालने का जुलूस गाजे बाजे ढोल ढमाको के साथ भगवान महावीर के जय कारों के साथ निकाला गया आभार श्री संघ अध्यक्ष अशोक गोखरू ने माना।

ब्याज समेत 85 लाख रुपए देने होंगे, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का फैसला

70 लाख के चेक बाउंस मामले में सजा, राशि देने के भी आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



70 लाख रुपए के चेक बाउन्स मामले में राजगढ़ प्रथम श्रैणी न्यायिक मजिस्टेट ने आरोपी को 06 माह के कारावास के साथ ही 85 लाख 99 हजार रुपए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश पारित किया है।

न्यायालय ने साक्ष्यों एवं प्रकरण में प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर आरोपी का बचाव स्वीकार न करते हुए चेक को देयता निवर्हन के लिए जारी किया जाना प्रमाणित माना और दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई है। फरियादी के अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि बृजमोहन मीणा निवासी ग्राम कांकरिया तहसील सारंगपुर ने श्याम मंडलोई निवासी शिवधाम कॉलोनी राजगढ़ से 70 लाख रुपए लिए थे। इसके एवज में अभियुक्त बृजमोहन ने श्याम मंडलोई को 70 लाख रुपए का चेक दिया था। कई बार तकादा करने के बाद भी जब अभियुक्त बृजमोहन ने परिवादी श्याम को यह राशि वापस नहीं की। ऐसे मे परिवादी ने 70 लाख रुपए का यह चेक भुगतान हेतु बैंक में जमा किया लेकिन चेक अनादरित(बाउन्स) हो गया। चेक बाउन्स होने पर परिवादी मंडलोई ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दाखिल किया। करीब 3 साल तक न्यायालय में प्रकरण चला। अंततः तमाम सबूतों, तथ्यों के आधार पर प्रथम श्रैणी न्यायिक मजिस्टेट श्री वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने अभियुक्त बृजमोहन को दोषी ठहराते हुए धारा 138 के तहत 6 माह के कठोर कारावास से दंडित किया है।

नो प्रतिशत ब्याज के साथ देनी होगी राशि

न्यायालय ने अभियुक्त को कुल 85 लाख 99 हजार 137 रुपए प्रतिकर राशि परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। उक्त राशि में 70 लाख रुपए की चेक राशि के साथ ही 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज राशि शामिल है। यह ब्याज राशि कुल 14 लाख 48 हजार 137 रुपए हुई।

प्रतिकर जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारवास

न्यायालय ने यहां यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त उक्त प्रतिकर राशि अदा नहीं करेगा तो उसे एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भी भुगतना होगा।

बाइक ने मवेशी को मारी टक्कर, पड़िया की मौके पर ही मौत

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज के सामने एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल की टक्कर से तीन वर्षीय पड़िया (भैंस के बच्चे) की दर्दनाक मौत हो गई। फरियादी प्रेमनारायण गुर्जर निवासी बमोरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 9 बजे वे मवेशियों को चराकर घर लौट रहे थे। तभी बमोरी की तरफ से आई तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-8234 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पडिया को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पड़िया ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक बाइक छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लिटिल आइंस्टीन स्कूल में चाइल्ड प्रोग्रेस फेयर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर



नगर की शिक्षण संस्था लिटिल आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल में कॉफी विथ टीचर्स कार्यक्रम के अंतर्गत चाइल्ड प्रोग्रेस फेयर का आयोजन किया गया। आयोजन में प्राचार्य वासुदेव शर्मा के साथ शिक्षकों और पालकों के बीच बच्चों की शिक्षा, प्रगति और उज्जवल भविष्य को लेकर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान पालकों ने बच्चों से जुड़ी समस्याओं और उनकी प्रतिभा को लेकर शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, स्कूल स्टाफ, बड़ी संख्या में पालकगण, शिक्षकगण एवं प्राचार्य वासुदेव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नन्हें विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट भी वितरित किए गए। यह जानकारी प्राचार्य वासुदेव शर्मा ने देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।